भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

पाँच सौ रुपये Rs. 500

INDIA NON JUDICIAL



तर प्रदेश UTTAR PRADESH

OCT 2016

V 020363

21-11-016

स्व0 देवराज दरबारी दुखन्ती सैनिक किसान महाविद्यालय,

न्यास विलेख (Instrument of Trust)

यह न्यास विलेख आज दिनांक–21-11-2016 को जखनियॉ में **श्री बप्रकेश सिंह पुत्र –श्री दुखन्ती सिंह ग्राम–जखनियॉ पोस्ट–जखनियॉ, परगना–शादियावाद तहसील–जखनियॉ , जिला–गाजीपुर , उ0प्र0** द्वारा घोषित किया गया जिन्हें आगे न्यास कर्ता/ संस्थापक कहा जायेगा और क्योंकि न्यास कर्ता/ संस्थापक पर रु0 10000/–(दस हजार रुपयें मात्र) की राशि है जिसे की वह पुरुषार्थ एवम् सामाजिक कार्यो हेतु दान देने की इच्छा करते है। न्यास कर्ता / संस्थापक उक्त राशि का अप्रित सहरणीय न्यास (Irrevocable Trust) बनाने हेतु इच्छुक है जो कि समाज उत्थान एवम् विशेष रुप से शिक्षा के क्षेत्र का कार्य करेगा। और क्योंकि यह ट्रस्ट''स्व0 देवराज दरबारी दुखन्ती सैनिक किसान महाविद्यालय'' के नाम से जाना जायेगा तथा कार्य करेगा। जिसे कि आगे संक्षिप्त में ट्रस्ट भी कहा जा सकेगा। क्योंकि ट्रस्ट का न्यास कर्ता मैनेजिंग ट्रस्टी होगा जिसे कि आगे ट्रस्ट का अध्यक्ष भी कहा जा सकेगा।

न्यास कर्ता / संस्थापक की यह भी इच्छा है कि विभिन्न श्रोंतो से जिसमें दान, उपकार , ऋण आदि भी सम्मिलित है के द्वारा ट्रस्ट के कोष , संपदा एवम् साधनों को और बढ़ायें ताकि ट्रस्ट अपने उद्देश्यों में प्रभावी रुपमें सफल हो सकें और क्योंकि न्यास कर्ता/ संस्थापक ने अपनी इच्छा के अनुकूल रु0 10000/–(दस हजार रुपयें मात्र) की नगद राशि ट्रस्ट को प्रदान की है।

क्रमशः..... 2

बप्रकेश सिंह

पचास रुपये रु.50 FIFTY RUPEES Rs.50 सत्यमेव जयते INDIA INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH





BD 565687

वर्तमान में इस ट्रस्ट का पंजीकृत कार्यालय एवं प्रशासनिक कार्यालय–ग्राम–जखनियाँ पोस्ट–जखनियाँ, परगना–शादियावाद तहसील–जखनियाँ , जिला–गाजीपुर , उ0प्र0 होगा एवम् इसके अलावा अधिक सुविधा जनक स्थान मिलने पर प्रशासनिक कार्यालय का समयानुसार समय– समय पर उचित स्थान पर स्थानान्तरित किया जा सकेगा और क्योंकि न्यासकर्ता/ ट्रस्टी /अध्यक्ष द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नियमावली निम्न प्रकार धाराबद्ध एवं घोषित किया जाता है।

स्व0 देवराज दरबारी दुखन्ती सैनिक किसान महाविद्यालय.

(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के अन्तर्गत कार्यरत ट्रस्ट)

उद्देश्य एवं नियमावली

1 ट्रस्ट के उद्देश्य :–

ट्रस्ट निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करेगा–

1, पाठशालाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों , पुस्तकालयों, वाचनालयों, प्रयोगशालाओं, चिकित्सालायों, मर्चेन्ट नेभी शिक्षण संस्थान, अनाथालयों, विद्धा आश्रमों ,अनुसंसाधन केन्द्रों,छात्रावासों ,कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्रों, निरीक्षितों केन्द्रों, सर्वेक्षणों केन्द्रों तथा सर्वेक्षण केन्द्रों तथा सामुदायिक विकास केन्द्रों पर्यावरण एड्स उत्थान केन्द्रों की स्थापना, नामकरण विकास, सम्बद्ध, आवद्ध, प्रबन्ध संचालन आदि कर सकना तथा आवश्यकता होने पर विभिन्न परिषदों, विभागों, प्रतिष्ठानों, संस्थाओं, स्तरों शासन आदि से उन्हें मान्य, सम्बद्ध, आवद्ध, पंजीकृत,अनुमोदित स्वीकृत करा सकना।

2 विभिन्न विषयों एवम् पाठयक्रमों यथा व्यवहारिक प्रयोगिक कला , वाणिज्यक, क्रीड़ा मार्शल आर्ट, संगीत तकनीकी , सामाजिक, आधुनिक भाषा, अग्रेंजी, उूर्द, कम्प्यूटर, प्रोफेशनल आदि विषयों पर विभिन्न स्तरीय शिक्षा प्रदान करने का प्रबन्ध करना। क्रमशः..... 3

Scanned with OKEN Scanner